केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
श्री रणवीर परिसर, कोट-भलवाल,जम्मू-181122

के.सं.वि.श्री.र.प.ज/18011/2020-21/ 457

दिनांक : 10.09.2020

## कार्यालय आदेश

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अनुसार शास्त्री, आचार्य, शिक्षाशास्त्री के अन्तिम वर्ष/अन्तिम सत्रार्द्ध परीक्षा का आयोजन परिसर वेबसाईट पर उपलब्ध समयसारणी के अनुसार दिनांक 16.09.2020 से अधोलिखित रूप से किया जायेगा -

1. परीक्षाएं **ओपन बुक एग्जामिनेशन** के माध्यम से ली जायेंगी।
2. सभी परीक्षार्थियों को उनकी कक्षा के व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से परीक्षा के दिन प्रातः 11:45 से मध्याह्न 12:00 बजे तक प्रश्न पत्र प्रेषित किया जायेगा।
3. आचार्य एवं शास्त्री के परीक्षार्थी दिनांक 13 सितम्बर 2020 तक संलग्न व्हाट्सअप पंजीकरण प्रोफार्मा में अपना विवरण अधोलिखित रूप से प्रेषित करें।

| | | |
|---|---|---|
| आचार्य चतुर्थ सत्रार्द्ध | प्रो. प्रभात कुमार महापात्र | 9419260757 |
| शास्त्री षष्ठ सत्रार्द्ध | श्री विशाल महाजन | 9469097589 |

4. शास्त्री एवं आचार्य के परीक्षार्थी प्रश्न पत्र बुकलेट का प्रिंट लेकर उसी में प्रश्न के नीचे निर्धारित स्थान में अपना उत्तर लिखेंगे।
5. शिक्षाशास्त्री के परीक्षार्थी प्रश्न पत्र के साथ प्रेषित की जाने वाली रिक्त उत्तरपुस्तिका का प्रिंट आउट लेकर उसमें खण्ड एवं प्रश्न संख्या का उल्लेख करते हुये अपना उत्तर लिखेंगे।
6. सभी परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के ऊपर अपना परीक्षा अनुक्रमांक, कक्षा का नाम, प्रश्नपत्र संख्या, कोड़, परीक्षा का दिनांक एवं अपने हस्ताक्षर का उल्लेख करना अनिवार्य है। उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ के उपर पृष्ठ संख्या ड़ालना भी अनिवार्य है।
7. परीक्षार्थी द्वारा स्वयं के हस्तलेख में ही उत्तर लिखना अनिवार्य है। स्वलिखित उत्तरपुस्तिका न होने पर परीक्षार्थी की परीक्षा निरस्त करके उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
8. परीक्षा में केवल नीले रंग के बाल पेन का प्रयोग ही करना है। ( Only Blue Pen)
9. परीक्षा की अवधि 03 घण्टे होगी। अतः परीक्षार्थियों को यह सुनिश्चित करना है कि परीक्षा के दिन वे मध्याह्न 03 बजे से 03:10 तक अपनी उत्तर पुस्तिका को स्केन करके या फोटो खींच कर अपराह्न 03:20 तक अनिवार्य रूप से अपनी कक्षा के अनुसार निम्नलिखित ई-मेल पर प्रेषित कर दें। स्केन करने के लिये BHARAT SCANNER या अन्य किसी पेज स्केनर को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड़ कर लें।
10. परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका के सभी पृष्ठों को क्रमशः ही स्केन करें तथा यथासम्भव PDF फार्मेट में ही प्रेषित करें, जिससे परिसर में उनकी उत्तरपुस्तिका का प्रिंट आउट लेने में असुविधा न हो। प्रिंट के लिए केवल A4 साइज पेपर का ही उपयोग किया जायेगा।
11. आचार्य चतुर्थ सत्रार्द्ध के परीक्षार्थी csupkm@gmail.com पर अपनी उत्तरपुस्तिकाएं प्रेषित करेंगे। परीक्षा के समय किसी भी प्रकार की असुविधा होने की स्थिति में परीक्षार्थी प्रो. प्रभात कुमार महापात्र जी से मोबाईल संख्या 9419260757 एवं 7889546287 पर सम्पर्क कर सकते हैं
12. शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थी csukuldeep@gmail.com इस ई-मेल पर अपनी उत्तरपुस्तिकाएं प्रेषित करेंगे। परीक्षा के समय किसी भी प्रकार की असुविधा होने की स्थिति में परीक्षार्थी प्रो. कुलदीप शर्मा जी से मोबाईल संख्या 9610422233 एवं 9608591400 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
13. शास्त्री षष्ठ सत्रार्द्ध के परीक्षार्थी csuvishal@gmail.com पर अपनी उत्तरपुस्तिकाएं प्रेषित करेंगे। परीक्षा के समय किसी भी प्रकार की असुविधा होने की स्थिति में परीक्षार्थी श्री विशाल महाजन जी से मोबाईल संख्या 9469097589 एवं 7006514612 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
14. अधिकतम अपराह्न 04:00 बजे तक उत्तरपुस्तिका प्रेषित न करने की स्थिति में परीक्षार्थी को अनुपस्थित माना जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की ही होगी।

(प्रो. मदन मोहन झा)
निदेशक

प्रतिलिपि:-
1. सूचनापट्ट।
2. वेबसाईट प्रभारी

(प्रो. मदन मोहन झा)
निदेशक

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
श्री रणवीर परिसर,
कोट-भलवाल,जम्मू-181122

# व्हाट्सअप पंजीकरण प्रोफार्मा
## (Whats app Registration Form)

छात्र/छात्रा का : ----------------------------------------------------------------------------

पिता का नाम : ----------------------------------------------------------------------------

व्हाट्सअप नम्बर : ----------------------------------------------------------------------------

(परीक्षा कार्य हेतु व्हाट्सअप नम्बर देना अनिवार्य है। व्हाट्सअप में अपनी DP में अपना ही छाया चित्र लगाये तथा About में अपना नाम भी लिखें)

कक्षा का नाम : ----------------------------------------------------------------------------

परीक्षा अनुक्रमांक : ----------------------------------------------------------------------------

कक्षा अनुक्रमांक : ----------------------------------------------------------------------------

ई-मेल आईडी : ----------------------------------------------------------------------------

विषय : साहित्य/व्याकरण/फ.ज्योतिष/सि.ज्योतिष/सर्वदर्शन/कश्मीर शैवदर्शन/वेद

परीक्षार्थी हस्ताक्षर